**-:प्रेस नोट:-**

**दिनांक- 20.07.2026**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा 06 व्यक्तियों के खोए हुए मोबाइल फोन बरामद कर उनके स्वामियों को किया गया सुपुर्द ।**

**विवरण**- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा 06 व्यक्तियों के खोये हुए मोबाइल को बरामद कर उनके स्वामियों को सुपुर्द किया गया । गौरतलब हो कि थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के इन्द्रानगर के रहने वाले 1.अर्चना पुत्री उपेन्द्र 2. सैमुअल पुत्र हैमिल्टन व धीरजनगर के रहने वाले 3.जयहिन्द सिंह साथ ही सर्वोदय नगर के रहने वाले 4.वीरेन्द्र पुत्र रवीकरन तथा थाना कर्वी जनपद चित्रकूट क्षेत्र रहने वाले 5.राजेश पुत्र रामबाबू और थाना मानिकपुर जनपद प्रतापगढ़ के रहने वाले 6. महेन्द्र शुक्ला के द्वारा थाना कोतवाली नगर पर अपने मोबाइल फोन के थाना कोतवाली नगर क्षेत्र में कहीं गिर जाने व काफी खोजबीन करने के बाद भी न मिलने के संबध में प्रार्थना पत्र दिया गया था । जिसके क्रम में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा सभी के मोबाइल फोन बरामद कर उनके स्वामियों को सुपुर्द किया गया । खोये हुए मोबाइल को वापस पाकर मोबाइल स्वामियों ने पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया गया ।

**बरामदगी-**

- 06 अदद खोए हुए मोबाइल फोन

**मोबाइल बरामदगी करने वाली टीम –**

1. थाना प्रभारी कोतवाली नगर श्री बलराम सिंह
2. उ0नि0 श्री आकाश शुक्ला
3. क0आ0 विशाल शर्मा
4. क0आ0 रवि कुमार पटेल